दिन– रविवार दिनांक– 06/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में अब तक एक करोड़ बारह लाख से अधिक गणना प्रपत्र जमा हुए।

02 प्रसिद्ध उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या मामले में पुलिस ने पटना के बेऊर केन्द्रीय कारा समेत दर्जनभर जगहों पर छापेमारी की। मिले कई महत्वपूर्ण सुराग।

03. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, ईपीएफओ से जुड़े प्रदेश के तेरह लाख से अधिक अंश धारकों को ईएलआई योजना का मिलेगा लाभ।

04. और, मुहर्रम की दसवीं तारीख आज योम–ए–आशूरा के रूप में मनायी जा रही है। विभिन्न स्थानों पर ताजिया और मातमी जुलूस का आयोजन।

---

राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान अब मतदाता बिना किसी दस्तावेज के भी गणना फॉर्म भर सकेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि दस्तावेज तथा फोटो उपलब्ध नहीं हो तब भी मतदाता सिर्फ गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ के पास जमा करा दे। उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल कर लिया जायेगा। श्री गुंजियाल ने कहा कि छब्बीस जुलाई तक ऑनलाईन या ऑफलाईन माध्यम से गणना प्रपत्र भरकर जमा करना सभी के लिए अनिवार्य है।

इधर, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तहत अब तक एक करोड़ बारह लाख से अधिक गणना प्रपत्र जमा हुए है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार वैशाली और पटना जिले में सबसे अधिक गणना प्रपत्र भरकर जमा हुए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। बूथ स्तर के अधिकारी, बीएलओ पर्यवेक्षक, चुनाव अधिकारी, राजनीतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त बूथ स्तर के एजेंट और कार्यकर्ता गहन पुनरीक्षण के कार्य में लगे हुए हैं। बीएलओ द्वारा सात करोड़ अड़तीस लाख से अधिक प्रपत्र पहले से वितरित किए जाने के साथ ही इनका प्रतिशत भी बढकर तिरानवे दशमलव पांच सात प्रतिशत हो चुका है। इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म, एडीआर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर कार्य को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

————————————————————————

प्रसिद्ध व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के मामले में पुलिस ने पटना के बेऊर केंद्रीय कारा में छापेमारी की है। कई घंटे तक चली छापेमारी में चौदह थानों की पुलिस, एसडीपीओ, एसपी और एसएसपी शामिल रहे। पुलिस ने इस हत्याकांड को लेकर जेल में बंद सौ से अधिक कैदियों से पूछताछ भी की है। गोपाल खेमका हत्याकांड की जांच के लिए गठित एसआईटी ने पटना और आसपास के जिलों में दस से अधिक जगहों पर छापेमारी की है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि हत्याकांड के कई पहलू सामने आए हैं, जिस पर जांच चल रही है।

———बाइट———

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गोपाल खेमका की हत्या के मामले में शामिल अपराधियों की तत्काल पहचान कर उनपर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। श्री कुमार ने पटना में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार से इस मामले की पूरी जानकारी ली और विधि व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इधर, बिहार इंडसट्रीज एसोसिएशन ने उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या पर गहरा शोक और चिंता व्यक्त की है। बीआईए के अध्यक्ष के.पी.एस. केसरी की अध्यक्षता में संध का एक प्रतिनिधितमंडल ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से मुलाकात कर मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

————————————————————————

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ से जुड़े तेरह लाख से अधिक अंशधारकों को केंद्र सरकार की रोजगार प्रोत्साहन योजना– ईएलआई का लाभ मिल सकेगा। पटना, भागलपुर और मुजफ्फरपुर स्थित जोनल कार्यालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे राज्य में सत्तर हजार से अधिक प्रतिष्ठान ईपीएफओ के साथ पंजीकृत हैं। वहीं, राज्य में पंजीकृत पीएफ खातों की संख्या उनतीस लाख से अधिक है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के बिहार–झारखंड कार्यालय के अपर केंद्रीय आयुक्त सूरज शर्मा ने बताया कि बिहार में एमएसएमई सेक्टर के प्रतिष्ठानों की संख्या काफी अधिक है। उन्होंने बताया कि ईएलआई की इस महत्वाकांक्षी योजना का बिहार के असंगठित क्षेत्र के कर्मियों और संस्थानों को काफी लाभ मिल सकता है। इससे रोजगार के अवसरों में बढोतरी होगी।

———बाइट———

————————————————————————

पूर्व मुख्यमंत्री और राजद के वरिष्ठ नेता लालू प्रसाद ने पार्टी के अध्यक्ष पद का पदभार फिर संभाल लिया है। हाल ही में हुए पार्टी संगठन चुनाव में उन्हें पार्टी अध्यक्ष चुना गया। पटना में राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में अध्यक्ष पर पर उनके निर्विरोध चुने जाने की औपचारिक घोषणा के बाद उन्होंने अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया। राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना पांच जुलाई उन्नीस सौ संतानवे को तत्कालीन जनता दल के विभाजन के बाद हुई थी।

————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खाने कहा है कि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान महिलाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं अति आवश्यक है। उन्होंने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि मातृ मृत्यु दर एक गम्भीर चुनौती है, लेकिन सरकार और चिकित्सकों के प्रयास से इस दिशा में निरंतर सुधार हो रहा है। राज्यपाल ने कहा कि महिलाएं भी इस दिशा में सार्थक भूमिका का निर्वाह कर रही हैं।

————————————————————————

नेशनल शहरी हेल्थ मिशन, एनयूएचएम के तहत प्रदेश के उन्नीस जिलों के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इक्यावन पॉलिक्लिनिक खोले जायेंगे। इसका संचालन लोक निजी भागीदारी, पीपीपी के तहत होगा। राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से इस संबंध में जिलों के सिविल सर्जन को निर्देश भेजा गया है। मिशन के तहत पटना, गया, नालंदा, दरभंगा, गोपालगंज और सहरसा समेत उन्नीस जिलों में पॉलिक्लिनिक खोले जायेंगे।

————————————————————————

मुहर्रम की आज दसवीं तारीख है। हजरत इमाम हुसैन और बहत्तर साथियों की शहादत की याद में योम–ए–आशूरा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में ताजिया जुलूस और मातमी जुलूस का आयोजन किया गया है। मुहर्रम को लेकर प्रदेशभर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के चाकचौबंद प्रबंध किये गई हैं। पुलिस प्रशासन ने सभी थानों को जुलूस मार्ग पर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। अपर पुलिस महानिदेशक पंकज दराद ने बताया कि पटना, जहानाबाद, भागलपुर, बांका, पूर्णियां, सीवान, कटिहार, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और अररिया सहित अठारह जिलों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। श्री दराद ने लोगों से शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की है।

———बाईट———

————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में कहा है मुहर्रम हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलते हुए जीवन के उच्च आदर्शो और मूल्यों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में हजरत इमाम हुसैन और करबला के अन्य शहीदों की कुर्बानियों को नमन किया है। श्री कुमार ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये लोगों से शहीदों के आदर्शों को अपनाने की अपील की है।

———————————————————————

प्रदेश में अगले एक सप्ताह के दौरान बारिश की गतिविधियों में कमी आयेगी। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की ट्रफ रेखा मध्य भारत की ओर खिसक रही है। इसके चलते बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है। इधर, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

———बाइट———

———————————————————————

इधर, रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड अंतर्गत धवनियां गांव में बारिश के दौरान ठनका गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गयी जबकि एक अन्य एक महिला झुलस गयी।

———————————————————————

श्री अमरनाथजी वार्षिक यात्रा के तहत कल शाम पांच बजे तक बीस हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने अमरनाथजी पवित्र गुफा के दर्शन किए। तीन जुलाई को शुरू हुई 38 दिनों की श्री अमरनाथजीयात्रा निर्बाध रूप से जारी है। यह यात्रा दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के नुनवान पहलगाम और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के बालतल आधार शिविर के दो मार्गों से हो रही है। तीर्थयात्री मार्गों पर सभी प्रकार के प्रबंध, सुविधाओं और सुरक्षित वातावरण पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं।

———————————————————————

समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी ने अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। वैभव ने वार्सेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गये एक दिवसीय अंडर नाईनटीन क्रिकेट मुकाबले में सबसे तेज शतक लगाने का कीर्तिमान बनाया है। चौदह वर्ष के वैभव सूर्यवंशी ने बावन गेंदों में सात छक्का और दस चौके की मदद से अपना शतक पूरा किया। वैभव ने अपनी रिकॉर्ड पारी में अठहत्तर गेंदों में एक सौ तैंतालीस रन बनाये। गौरतलब है कि अंडर नाईनटीन वन–डे क्रिकेट में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड इससे पहले पाकिस्तान के कामरान गुलाम के नाम था।

———————————————————————

अररिया जिले में चुनावी कार्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में जिले के जोकीहाट प्रखंड के बीएलओ शिक्षक मोहम्मद आशिफ रजा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रमुख व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– खेमका की हत्या पर सीएम सख्त, एसआईटी जांच शुरू।

दैनिक जागरण ने चुनाव आयोग के फैसले पर लिखा है– एसआईआर में नगर निकाय के कर्मियों की सेवा लेगा आयोग।

दैनिक भास्कर लिखता है– दस्तावेज नहीं है.. तब भी फॉर्म भरना जरूरी, वर्ना नाम कटेगा।

प्रभात खबर की सुर्खी है– दो हजार अट्ठाईस तक के लिए लालू प्रसाद चुने गये राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– जिला मुख्यालयों में सितम्बर से पिंक बस चलाने की तैयारी।

आज अखबार ने सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के हवाले से लिखा है– टोल दरों में पचास प्रतिशत तक की कटौती।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में अब तक एक करोड़ बारह लाख से अधिक गणना प्रपत्र जमा हुए।

02 प्रसिद्ध उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या मामले में पुलिस ने पटना के बेऊर केन्द्रीय कारा समेत दर्जनभर जगहों पर छापेमारी की। मिले कई महत्वपूर्ण सुराग।

03. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, ईपीएफओ से जुड़े प्रदेश के तेरह लाख से अधिक अंश धारकों को ईएलआई योजना का मिलेगा लाभ।

04. और, मुहर्रम की दसवीं तारीख आज योम–ए–आशूरा के रूप में मनायी जा रही है। विभिन्न स्थानों पर ताजिया और मातमी जुलूस का आयोजन।

---